हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

ई दिल्ली • बुधवार • 17 फरवरी 2016 •

स्कूल संबंधित सरकारी विभाग से ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपर्क करेंगे

ईडब्ल्यूएस दस्तावेज जांचे जाएंगे

नर्सरी दाखिला

ई दिल्ली | रोहित पंवार

र्सरी, केजी और पहली कक्षा के लिए डब्ल्यूएस दाखिले से जुड़े दस्तावेजों की ांच स्कूल सीट देने से पहले करेंगे। यदि ाय प्रमाण-पत्र या कोई अन्य दस्तावेज र्जी पाया जाता है तो मेरिट में से तुरंत ाम हटाकर सीट रद्द होगी। स्कूल ंबंधित सरकारी विभाग से ऑनलाइन ा ऑफलाइन माध्यम से संपर्क करेंगे।

शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बाबत स्कूलों ो निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आय ्माण-पत्रों की जांच के लिए ऑनलाइन िकल्प दिया गया है। वह ऑनलाइन िंक पर क्लिक कर पता कर पाएंगे कि ्माण-पत्र असली है या नकली।

इस संबंध में ऑनलाइन व्यवस्था ्कूल को बता दी गई है। उधर, नेशनल ्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेंस (स्कूल संघ) े अध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि फर्जी दाखिलों को रोकने के लिए ये व्यवस्था पहले से बेहतर है। इससे कुछ ही देर में आसानी से प्रमाणिकता का पता लगाया जा सकता है। बता दें कि पिछले सत्र में ईडब्ल्यूएस के फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर नर्सरी में दाखिले दिए गए थे। मामला पुलिस में है। इस मामले में कई गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं। इसे रोकने के लिए इस बार कड़ी व्यवस्था की गई। इस बार सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के वक्त भी आय प्रमाण-पत्र का ब्योरा मांगा गया था।

स्कूल में पढ़ाई के दौरान नर्सरी के बच्चे। • कार्यल फोटो

लॉटरी का परिणाम ऐसे देखें

ईडब्ल्यूएस की ऑनलाइन लॉटरी का परिणाम मंगलवार को www.edudel.nic.in पर जारी हो गया। अभिभावक पंजीकरण संख्या और बच्चे की जन्म तिथि डालने के बाद तुरंत जान सकते हैं कि बच्चे को सीट मिली है या नहीं। अगर सीट नहीं मिली है तो कोई जानकारी नहीं आएगी। शिक्षा निदेशक पद्मिनी सिंगला ने बताया कि एसएमएस के जरिये भी परिणाम बताया जा रहा है।

इस लिंक से सीधे परिणाम जानें

अगर आप सीधे परिणाम के कॉलम में जाना चाहते हैं तो www.edustud.nic.in/mis/studentadmission/frmEwsResultAllotmentforPublicParticular.aspx लिंक पर क्लिक करें।

सामान्य वर्ग के दाखिले का समय अलग

एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा की प्रिंसिपल रूमा पाठक ने बताया कि पहली मेरिट का दाखिला 25 फरवरी तक मिलेगा। डीपीएस वसंत विहार में सिर्फ 17 और 18 को सीट मिलेगी। डीपीएस ईस्ट ऑफ कैलाश में 22 - 23 फरवरी को दाखिला होगा। माउंट आबू पब्लिक स्कूल में 22 फरवरी तक दाखिला होगा। लिहाजा अभिभावक स्कूल से संपर्क में रहें।